DATE :- 14-09-2025

DAINIK BHASKAR, PAGE-ii, SURAT

**सिटी एंकर** | हाई-विजिबल स्ट्रिप रात में लाइट पड़ते ही चमकती हैं

# मेट्रो कॉरिडोर: पिलर पर हाई-विजिबल काली, पीली स्ट्रिप लगाई जा रहीं, ताकि दुर्घटना न हो

## अब तक 17 किमी रूट से बैरिकेडिंग हटा चुके

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

मेट्रो रेल प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य पर पूरा हो गया है, वहां से बैरिकेडिंग हटाई जा रही है। इसी के साथ पिलरों को आम वाहनों के लिए हाई-विजिबल बनाने का काम शुरू किया है। पिलरों के निचले हिस्से पर येलो-ब्लैक प्रोटेक्टिव हजार्ड स्ट्रिप लगाई जा रही है, ताकि वाहन चालकों को दूर से पिलर स्पष्ट दिखाई दें और किसी भी दुर्घटना से बचा जा सके। तकनीकी तौर पर इसे हाई-विजिबल हजार्ड मार्किंग कहा जाता है। रात के समय वाहनों की हेडलाइट पड़ते ही यह स्ट्रिप्स चमकती हैं और ड्राइवर का ध्यान तुरंत आकर्षित करती हैं।





**▪ एलिवेटेड स्ट्रक्चर के नीचे पिलरों पर यह पेंट करना जरूरी** | सिविल इंजीनियरिंग एक्सपर्ट्स के अनुसार, हाईवे, फ्लाईओवर और मेट्रो जैसे एलिवेटेड स्ट्रक्चर के नीचे पिलरों पर यह पेंट करना जरूरी होता है। इससे सड़क पर चल रहे वाहनों का रुख सही रहता है और अनजाने में पिलर से टकराने की संभावना बेहद कम हो जाती है। सिविल इंजीनियरिंग टीम ने लाइन-2 के कॉरिडोर पर इस कार्य की शुरुआत कर दी है। मेट्रो प्रशासन के अनुसार, जैसे-जैसे अलग-अलग हिस्सों में बैरिकेडिंग हटेगी, उसी के साथ पिलरों पर यह पेंटिंग भी की जाएगी। ये हाई-विजिबल पट्टियां चालकों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने में मदद करेंगी।